उत्तर प्रदेश शासन

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग

संख्या-3/2016/180/63-व0उ0-2016-12(एच)/16

लखनऊ: दिनांक 05 फरवरी, 2016

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका की स्थिति काफी दयनीय है तथा कार्मिकों को अभी तक चतुर्थ वेतनमान ही प्राप्त हो रहा है। दोनों संगठनों से व्यापार निरन्तर कम हो रहा है तथा काउन्टर सेल नगण्य है। उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका दोनों संस्थाओं को सुदृढ़ करने की दृष्टि से उन्हें भविष्य में सुचारू रूप से संचालित किये जाने तथा उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका को संविलीन कर एक संगठन बनाये जाने की संभावनाओं के अध्ययन हेतु एक समिति निम्नवत् गठित की जाती है :-

(1)	श्रीमती नीना शर्मा, आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर	अध्यक्ष
(2)	श्री रमा शंकर मौर्य, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर	सदस्य/सचिव
(3)	श्री रमा शंकर मौर्य, प्रबन्ध निदेशक, यूपिका, कानपुर	सदस्य
(4)	श्री मुथुस्वामी, निदेशक, वीवर्स सर्विस सेन्टर, नार्थ जोन, नई दिल्ली	सदस्य
(5)	श्री एस0सी0 गुप्ता, अपर विकास आयुक्त, हथकरघा, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली	सदस्य
(6)	प्रबन्ध निदेशक, काप्टेक्स, तमिलनाडु	सदस्य

2- उक्त् समिति आवश्यकतानुसार विषय विशेषज्ञों को भी आमंत्रित कर सकते हैं।

3- उक्त समिति 01 माह के अन्दर अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी। रिपोर्ट तैयार करते समय समिति द्वारा निम्न बिन्दुओं पर विस्तृत ध्यान रखा जाय :-

क- अन्य राज्यों में जहाँ हथकरघा की स्थिति अच्छी है, उनकी योजनाओं और व्यापार आदि का विस्तृत अध्ययन किया जाय।

ख- वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आगामी 15-20 वर्षों में किस तरह हथकरघा निगम एवं यूपिका को लाभ की स्थिति में लाया जाय और पुरानी ख्याति अर्जित की जाय।

ग- इस सम्बन्ध में दोनों संगठन के कार्मिक संगठन एवं बुनकर संगठनों से भी विचार-विमर्श कर लिया जाय।

घ- समिति उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका के संविलयन की संभावनाओं पर भी विचार किया जाय।

ड- समिति उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका को चलाये जाने की स्थिति में वित्तीय आवश्यकता और उसके प्रबन्धन पर विचार किया जाय।

च- समिति उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 एवं यूपिका की चल/अचल सम्पत्तियों की वर्तमान स्थितियों में आंकलन किया जाय।

अरूण कुमार सिन्हा
प्रमुख सचिव।

<u>पृष्ठांकन संख्या- 180 (1)/63-व0उ0-2016-12(एच)/16, तद्दिनांक-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर।
2- श्री एस0सी0 गुप्ता, अपर विकास आयुक्त, हथकरघा, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर।
4- प्रबन्ध निदेशक, यूपिका, कानपुर।
5- श्री मुथुस्वामी, निदेशक, वीवर्स सर्विस सेन्टर, नार्थ जोन, नई दिल्ली।
6- प्रबन्ध निदेशक, काप्टेक्स, तमिलनाडु।
7- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
हरिशंकर भट्ट
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in